web: www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, बुधवार 15 जनवरी 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 108

## सीएए के खिलाफ केरल पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**नईदिल्ली (आरएनएस)। केरल सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) की संवैधानिक वैधता को उच्चतम न्यायालय में मंगलवार को चुनौती दी। किसी राज्य सरकार की ओर से केंद्र के इस कानून के खिलाफ दायर यह पहली याचिका है।**

**» केंद्र को चुनौती देने वाला बना पहला राज्य**



याचिका में पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) संशोधन नियम 2015 और विदेशी (संशोधन) आदेश 2015 को भी चुनौती दी गई है जिसने पाकिस्तान, बंगलादेश और अफगानिस्तान से उन गैर-मुस्लिम प्रवासियों के प्रवास को नियमित कर दिया है जो 31 दिसंबर, 2014 से पहले इस शर्त पर भारत में दाखिल हुए थे कि वे अपने घर में धार्मिक उत्पीड़न के कारण वाहन से भाग आए थे।

इस याचिका में कानून और न्याय मंत्रालय के सचिव और भारत सरकार को प्रतिवादी बनाया गया है।

दरअसल संविधान का अनुच्छेद 131 भारत सरकार और किसी भी राज्य के बीच किसी भी विवाद में सर्वोच्च न्यायालय को मूल अधिकार क्षेत्र देता है। सीएए को चुनौती देने वाली कम से कम 60 याचिकाएं शीर्ष अदालत में लंबित हैं, लेकिन किसी राज्य सरकार की ओर से यह पहली याचिका है।

बता दें कि नागरिकता कानून को लेकर केंद्र और कई राज्यों के बीच टकराव देखा जा रहा है। कई राज्यों में इस कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए हैं। वहीं, कई राज्यों में लोगों ने इसके समर्थन में भी रैलियां की हैं।

गैर भाजपा दलों की सरकार वाले राज्यों के मुख्यमंत्री ये कह रहे हैं कि उनके राज्य में सीएए लागू नहीं होगा। केरल भी उनमें से एक राज्य है। केरल की विधानसभा ने सीएए के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया है। वहां के राज्यपाल भी इस कानून को असंवैधानिक बता चुके हैं।

## जूता फैक्ट्री में लगी आग, दमकल की 26 गाड़ियां मौके पर

**नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के लॉरेंस रोड स्थित जूते-चप्पल बनाने की एक फैक्टरी में मंगलवार सुबह आग लगने से अफरा-तफरी मच गई।**



घटना सुबह 9:46 बजे के आसपास की है। सूचना मिलते ही दमकल की 26 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने में जुट गई। फिलहाल घटना में किसी तरह के हताहत की सूचना नहीं है। बता दें कि इससे पहले शनिवार को मायापुरी इलाके के एक जूता फैक्टरी में आग लग गई थी। इस दौरान भी दमकल की 20 गाड़ियां बुलाई गई थीं। वहीं पिछले महीने यानी दिसंबर में अनाज मंडी इलाके में एक अवैध कारखाने में भीषण आग की घटना हो गई थी, जिसमें 45 लोगों की मौत हो गई और बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए थे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मकर सक्रांति पर राहुल ने दी बधाई

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने देशवासियों को मकर सक्रांति के अवसर पर बधाई दी है। गांधी ने मंगलवार को एक ट्वीट कर कहा,मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

### चीन में सड़क धंसने से 10 लोग लापता,15 घायल

**बीजिंग।** चीन के उत्तरपश्चिमी प्रांत किनघाई में सोमवार को सड़क धंसने के कारण एक बस गहरे गड्ढे में समा गई जिसमें 10 लोग लापता हैं और 15 अन्य घायल हो गये। स्थानीय मीडिया ने प्रशासन के हवाले से मंगलवार को इसकी जानकारी दी। उनके मुताबिक शिनिंग शहर में ग्रेट वॉल अस्पताल के सामने सड़क धंसने से एक चलती बस गड्ढे में समा गई जिसके बाद धमाका हुआ। स्थानीय प्रशासन ने अनुसार इस हादसे में 10 लोग लापता हैं और 15 अन्य हुए हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। धटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य जारी है। हादसे की जांच शुरु कर दी गयी है।

### अफगानिस्तान के उत्तरी प्रांत में विस्फोट में दो बच्चों की मौत

**काबुल।** उत्तरी अफगानिस्तान में मंगलवार को एक सड़क पर दो बमों में लगभग एक ही वक्त पर विस्फोट हुआ। इसमें दो बच्चों की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। प्रांत पुलिस प्रमुख के प्रवक्ता आदिल शाह आदिल ने बताया कि विस्फोट बाल्ख प्रांत की राजधानी मज्र-ए-शरीफ में हुए। घायल नौ लोगों में से आठ आम नागरिक हैं और एक व्यक्ति अफगान सुरक्षा बलों से है। अब तक हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है। हालांकि तालिबान ने पिछले कुछ सप्ताह में यहां हमले बढ़ा दिये हैं। इससे पहले, इस महीने की शुरुआत में उग्रवादियों ने बाल्ख में एक पुलिस नाके पर हमला करने का दावा किया था जिसमें नौ अधिकारी मारे गये थे।

### अमेरिका ने सऊदी अरब के 21 प्रशिक्षु पायलट को निष्कासित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने फ्लोरिडा में एक नौसैनिक अड्डे से सऊदी अरब के 21 प्रशिक्षु पायलट को निष्कासित करने का फैसला किया है। अटॉर्नी जनरल विलियम बार ने सोमवार को पत्रकारों को यह जानकारी दी। अमेरिका ने यह कदम छह दिसंबर को फ्लोरिडा राज्य के अमेरिकी नौ सैनिक अड्डे पर हुई गोलीबारी की घटना के बाद उठाया है। जिसमें सऊदी अरब की वायु सेना के एक सदस्य ने तीन अमेरिकी नाविकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी जबकि आठ अमेरिकी घायल हो गए थे। बार ने कहा कि निष्कासित किए गए 21 प्रशिक्षु पायलट में किसी का संबंध गोलीबारी की घटना से नहीं है।

### दिल्ली आ रही 15 ट्रेनें 1 घंटे 30 मिनट से लेकर 6 घंटे तक लेट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कोहरे और ठंड ने दिल्ली आने वाली 15 ट्रेनों की रफ्तार आज धीमी कर दी है। ये ट्रेनें 1 घंटे 30 मिनट से लेकर 6 घंटे की देरी से दिल्ली पहुंच रही हैं। मालदा-नई दिल्ली फरक्का एक्सप्रेस आज सबसे ज्यादा 6 घंटे की देरी से दिल्ली पहुंच रही है। कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस 4 घंटे, पुरी-नई दिल्ली पुरुषोतम एक्सप्रेस 3 तीन घंटे 30 मिनट, दरभंगा-नई दिल्ली बिहार संपर्क क्रांति 2 घंटे 30 मिनट, बरौनी-नई दिल्ली वैशाली एक्सप्रेस 3 घंटे 15 मिनट, आजमगढ़-नई दिल्ली कैफियत एक्सप्रेस 4 घंटे 45 मिनट, चेन्नई-नई दिल्ली जी टी एक्सप्रेस 5 घंटे 20 मिनट, डिब्रूगढ़-लालगढ़ अवध असम एक्सप्रेस 1 घंटे 30 मिनट, नई दिल्ली- जलपाईगुड़ी उदयपुर एक्सप्रेस 3 तीन घंटे 30 मिनट, राजगीर-नई दिल्ली श्रमजीवी एक्सप्रेस 2 घंटे 30 मिनट और रक्सौल-आनन्द विहार सद्भावना एक्सप्रेस 1 घंटे 30 मिनट की देरी से दिल्ली पहुंच रही हैं।

## जम्मू-कश्मीर में हिमस्खलन का कहर, तीन जवान शहीद

**» पांच अन्य लोगों की भी मौत**

**श्रीनगर (आरएनएस)।** उत्तरी कश्मीर में हिमस्खन के कारण तीन जवान शहीद हो गए है जबकि दो जवान लापता बताए जा रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 45 राष्ट्रीय रायफल के पांच जवान इस तूफान की चपेट में आ गए। जानकारी मिलते ही सेना ने बचाव कार्य शुरू किया। जब तक जवानों की टुकड़ी बर्फ में दबे सैनिकों तक पहुंचती तब तक तीन जवान शहीद हो चुके थे। दो लापता जवानों की तलाश अभी जारी है। सेना के सूत्रों के मुताबिक, पिछले 48 घंटों में हुई भारी बर्फबारी के कारण, उत्तरी कश्मीर में कई जगह हिमस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं।

इस अलावा मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में सोनमर्ग के गग्गेनेर क्षेत्र के पास कुलान गांव में हिमस्खलन की चपेट में आने से 5 लोगों की मौत हो गई है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि नौ लोगों का एक दल कल रात जिले के कोलन में बचाव अभियान के लिए जा रहा था कि तभी सभी हिम्स्खलन की चपेट में आ गए। पुलिस ने स्थानीय नागरिकों की मदद से तलाशी अभियान चलाकर चार लोगों को सुरक्षित बचा लिया।

उन्होंने कहा कि पूरी रात तलाशी अभियान जारी रहा और मंगलवार सुबह पांच लोगों के शव बरामद किए गए। कुपवाड़ा, बांदीपोरा और बारामुला जिले में हिमस्खलन के कारण कई मकानों को नुकसान पहुंचा है।

संभागीय प्रशासन ने उत्तरी और मध्य कश्मीर के ऊपरी इलाकों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी करते हुए लोगों से हिमस्खलन की आशंका वाले इलाकों में नहीं जाने का आग्रह किया है। उधर सोमवार सुबह से हो रही बारिश के कारण जम्मू में जनजीवन काफी अस्त व्यस्त हुआ। बारिश से ठंड काफी बढ़ गई है।

## नई मशीन से एक सप्ताह तक शरीर के बाहर भी लिवर को रखा जा सकेगा जीवित



**लंदन।** अनुसंधानकर्ताओं ने एक ऐसी नई मशीन डेवलेप की है जो मनुष्यों के जख्मी लीवर का इलाज कर सकती है और उसे एक हफ्ते तक शरीर के बाहर भी जिंदा रख सकती है। इस अनुसंधान से ट्रांसप्लांटेशन के लिए जो मानव अंगों को रखा जाता है उसकी संख्या बढ़ सकती है। स्विट्जरलैंड में ईटीएच ज्यूरिख समेत अनुसंधानकर्ताओं के अनुसार, जख्मी लीवर नई टेक्नोलॉजी की मदद से कई दिनों तक पूरी तरह से काम कर सकते हैं। साथ ही उनमें लीवर बीमारी या कैंसर से पीड़ित मरीजों की जान बचाने की क्षमता भी है। पत्रिका नेचर बायोटेक्नोलॉजी में छपे अनुसंधान में इस मशीन को जटिल 'परफ्यूजन' प्रणाली बताया गया है जो लीवर के कामों की नकल करती है। ईटीएच ज्यूरिख के सह-लेखक पियरे एलें क्लेवें ने कहा, सर्जनों, जीव विज्ञानियों और इंजीरियरों के एक समूह की चार साल की मेहनत के बाद बनी अनोखी परफ्यूजन प्रणाली की सफलता ने प्रतिरोपण में कई नए अनुप्रयोगों का मार्ग प्रशस्त कर दिया है।

## बढ़ती महंगाई पर प्रियंका ने मोदी सरकार पर साधा निशाना

**नईदिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने खुदरा महंगाई दर बढ़कर साढ़े पांच साल के उच्चतम स्तर 7.35 फीसदी पर पहुच जाने के बाद मंगलवार को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा है।**



उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों की जेब काटकर उनके पेट पर लात मारी है। प्रियंका ने ट्वीट किया, सब्जियां, खाने-पीने के सामान के दाम आम लोगों की पहुंच से बाहर हो रहे हैं।

जब सब्जी, तेल, दाल और आटा महंगा हो जाएगा तो गरीब खाएगा क्या? ऊपर से मंदी की वजह से गरीब को काम भी नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार ने तो जेब काट कर पेट पर लात मार दी है। आधिकारिक आंकड़ों में सोमवार को यह दर्शाया गया कि खाद्य कीमतों में बड़े पैमाने पर वृद्धि के बाद भारत की खुदरा महंगाई दर नवंबर के 5.55 प्रतिशत से बढ़कर दिसंबर 2019 में 65 महीनों के उच्च स्तर 7.35 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसके बाद प्रियंका यह बयान आया है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा पेश आंकड़ों के अनुसार, साल-दर-साल आधार पर, दिसंबर के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में अधिक रहा, जबकि पिछले साल खुदरा मुद्रास्फीति 2.11 प्रतिशत थी।

## मुजफ्फरपुर बालिका गृह मामले में निर्णय 20 जनवरी तक टला

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** बिहार के मुजफ्फरपुर स्थित बालिका गृह में बच्चियों के यौन शोषण से जुड़े मामले में यहां एक स्थानीय अदालत ने आज फैसला 20 जनवरी तक के लिए टाल दिया है। इससे पहले 14 जनवरी को फैसला आना था। आपको बताते जाए कि बालिका गृह में बच्चियों के यौन शोषण का आरोप है। दिल्ली के साकेत स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सौरभ कुलश्रेष्ठ की अदालत को मामले में निर्णय सुनाना था लेकिन वह अब 20 जनवरी को सुनाएंगे। इस मामले में सीबीआई 21 लोगों के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। कांड में अबतक किंगपिन बताया गया ब्रजेश ठाकुर समेत 20 आरोपित जेल में बंद हैं।





सीबीआई की ओर से कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में इन आरोपितों पर बलात्कार व बाल यौन शोषण रोकथाम अधिनियम (पॉक्सो ) की धारा 6 के तहत आरोप लगाए गए हैं। चार्जशीट में लगाए गए इल्जाम के साबित होने की स्थिति में आरोपितों को कम से कम दस साल कैद व अधिकतम उम्रकैद की सजा हो सकती है। पूर्व में 14 नंवबर व 12 दिसंबर 2019 को फैसले की तारीख मुकर्रर थी। अधिवक्ताओं की हड़ताल व विशेष कारणों की वजह से सुनवाई की तारीख को आगे बढ़ी थी। सीबीआई जांच में पाया गया था कि बालिका गृह में पीड़िताओं के साथ ना केवल बालिका गृह में कर्मचारी गलत काम कर रहे थे, बल्कि बिहार सरकार के सामाजिक कल्याण विभाग के अधिकारी भी उसमें शामिल थे।

## शाहीन बाग पर हो रहे प्रदर्शन पर सरकार जनहित को ध्यान में रखकर कार्रवाई करे

**» सीएए पर दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के शाहीन बाग-कालिंदी कुंज में हो रहे प्रदर्शन को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने सुनवाई की। दिल्ली हाई कोर्ट ने मथुरा रोड-कालिंदी कुंज के बीच रोड खोलने को लेकर कहा कि पुलिस कानून के तहत अपना काम करे। हालांकि कोर्ट ने जनहित को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की इजाजत दी।



दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस जन हित को देखते हुए काम करे। इसी के साथ ही हाईकोर्ट ने इस मामले को खत्म कर दिया है। शाहीन बाग में 15 दिसंबर से स्थानीय लोग नागरिकता संशोधन कानून और एनआरसी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। यह प्रदर्शन दिल्ली से नोएडा जाने वाली सड़क पर हो रहा है। इस वजह से एक महीने से इस रुट से गुजरने वाले लोग काफी परेशान हो रही थी। आपको बताते जाए कि कालिंदी कुंज का रास्ता पिछले 15 दिसंबर से बंद है। दिल्ली के शाहीन बाग में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ विरोध को पूरे 30 दिन हो गए हैं। पिछले 30 दिनों से सैकड़ों लोग सड़क पर डेरा जमाए हुए हैं। इनकी मांग है कि सरकार नागरिकता कानून पर अपना फैसला बदले।

सीएए के खिलाफ प्रदर्शन में महिलाओं की संख्या पुरुषों के मुकाबले कहीं ज्यादा है। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक इस विरोध का झंडा उठाए हुए हैं। नागरिकता कानून के खिलाफ भीड़ डटी हुई है।

## अमेरिका ने वेनेजुएला की नेशनल असेंबली के स्पीकर पर लगाए प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने वेनेजुएला के नेशनल असेंबली के स्पीकर लुइस पारा और छह अन्य मौजूदा एवं पूर्व अधिकारियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। ये सभी अधिकारी राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के प्रति वफादार हैं। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने सोमवार को एक वक्तव्य जारी कर यह जानकारी दी। वक्तव्य के मुताबिक यह प्रतिबंध मादुरो का समर्थन करने वाले नेशनल असेंबली के प्रतिनिधियों पर लगाए गए हैं जिन्होंने नेशनल असेंबली में चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने के लिए कदम उठाए। इस समूह का नेतृत्व लुइस एडुआर्डो पारा रिवेरो कर रहे हैं। इसके अलावा प्रतिबंध झेलने वाले अधिकारियों में जोस फिगुरोआ, फ्रेंकलिन डुटर्टे, जोस रोड्रिग्ज, कोनराडो लिनारेस, अडोल्फ़ो सुपर्लानो और नेगल लोलवेरा शामिल हैं।

## गठबंधन के लिये आरजेडी ने कांग्रेस से की 7 सीटों की मांग

**» दिल्ली विधानसभा चुनाव**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली में आठ फरवरी को होने वाले चुनावों को लेकर सभी पार्टियां तैयारियों में जुट गई हैं।

ऐसे में मंगलवार को कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के बीच गठबंधन को लेकर बैठक हो रही है. इस बैठक में फिलहाल दो चरण की बातचीत हो चुकी है, जिसमें आरजेडी ने कांग्रेस से 7 सीटों की मांग की है। आरजेडी के दिल्ली चुनाव प्रभारी मनोज झा ने बताया कि दिल्ली में कांग्रेस और आरजेडी के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत जारी है। दस प्रतिशत सीट की हमने मांग की है. इसके लिये हमने कांग्रेस 7 विधानसभा सीटों की सूची भी दे दी है. उन्होंने बताया कि अगले एक-दो दिनों में इस पर अंतिम फैसला होगा. अगर गठबंधन नहीं हुआ तो आरजेडी अकेले चुनाव लड़ेगी।

## पुलिस को दिल्ली हाई कोर्ट का आदेश, जब्त करें ग्रुप मेंबर्स के फोन

**» जेएनयू हिंसा मामला**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में हुई हिंसा के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान अदालत को दिल्ली पुलिस ने मामले से जुड़े 2 वाट्सएप ग्रुप के 37 सदस्यों की पहचान किए जाने की जानकारी दी. दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया है कि उसने जेएनयू हिंसा मामले में यूनिटी ऑफ लेफ्ट और फ्रेंड्स ऑफ आरएसएस वाट्सएप ग्रुप के सदस्यों की पहचान की है. मामले से जुड़ी दूसरी छात्रा सुचेता से क्राइम ब्रांच की टीम पूछताछ करेगी. इस पर कोर्ट ने पुलिस को आदेश दिया है कि वह इन दोनों वाट्सएप ग्रुट से जुड़े लोगों का फोन जब्त कर ले.

दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस को यूनिटी अगेंस्ट लेफ्ट और फ्रेंड्स ऑफ आरएसएस वाट्सएप ग्रुप के लोगों के फोन जब्त करने के साथ-साथ इनसे जुड़े लोगों को तलब कर पूछताछ करने का भी आदेश दिया है. आपको बता दें कि जेएनयू में 5 जनवरी को हुई हिंसा के मामले में इन दोनों ग्रुप का नाम सामने आया था. इस मामले में गूगल (त्रश्शद्दद्यद्ग) को भी डाटा संरक्षित करने के लिए कहा गया है.





इधर, दिल्ली पुलिस ने जो तस्वीरें दिखाई हैं, जिनमें छात्राएं दिख रहीं हैं, इसी में से एक एमए की छात्रा सुचेता तालुकदार है, जिसे आज क्राइम ब्रांच की एसआईटी में अपना स्टेटमेंट देना है. इसी फोटो के आधार पर सुचेता को बुलाया गया है. पुलिस के मुताबिक लाल कपड़ों में सुचेता है.

इधर, सुचेता ने दिल्ली पुलिस की दिखाई तस्वीरों पर कहा कि दिल्ली पुलिस का कॉन्फ्रेंस था, उसमें एक फोटो दिखाकर कहा कि ये मैं हूं, मेरी समझ में नहीं आ रहा है कि क्यों? सुचेता ने कहा कि मैं स्टूडेंट रिप्रेजेंटेटिव हूं. अगर मैं यहां खड़ी हूं और कोई फोटो खींचकर भेज दे और कहे कि यह मेरी तस्वीर है? कब का फोटो है, किस डेट का है, मेरी समझ में नहीं आ रहा. उन्होंने कहा कि 5 जनवरी को मुझे कई छात्रों का फोन आया था कि बहुत वॉयलेंस हो रहा है. मैं स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज पर खड़ी थी. जिसे मारा गया वो मेरे स्कूल का है. लोग आकर बोले कि बहुत को मारा गया है, मेरा फर्ज है वहां जाना।